मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-83
10/02/2019

मुख्यमंत्री परम पूज्य महामंडलेश्वर ब्रह्र्षि श्री कुमार स्वामी जी के पावन सानिध्य में प्रभु कृपा अद्भुत दुख निवारण 547वां समागम में शामिल हुये

पटना, 10 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गॉधी मैदान में परम पूज्य महामंडलेश्वर ब्रह्र्षि श्री कुमार स्वामी जी के पावन सानिध्य में प्रभु कृपा अद्भुत दुख निवारण 547वां समागम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री को भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया गया। परम पूज्य महामंडलेश्वर श्री कुमार स्वामी जी ने देश और बिहार की सेवा के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को देशरत्न का महापदक से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने परम पूज्य महामंडलेश्वर ब्रह्र्षि श्री कुमार स्वामी जी को माला पहनाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष बिहार विधानसभा श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह सहित समागम के आयोजक मण्डल एवं श्रद्धालू उपस्थित थे।

******